हिन्दी पखवाड़ा - 2023 के अवसर पर माननीय महानिदेशक महोदय की ओर से संदेश

मेरे प्रिय निफ्ट के परिवारजनों,

हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। भाषा किसी भी क्षेत्र, राष्ट्र अथवा सभ्यता की अभिव्यक्ति का न केवल साधन होती है अपितु उसके मनोविज्ञान, दर्शन, एवं विचारों का स्त्रोत भी होती है। अपनी मातृभाषा का उपयोग गर्व के साथ करने वाला समाज ही प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। वर्तमान काल में तकनीक, विज्ञान, अन्तरिक्ष विज्ञान, सूचना की प्रौद्योगिकी एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों में हिन्दी के प्रचार प्रसार में जो प्रगति हुई है यह अतुलनीय है।

एक संगठन के तौर पर निफ्ट ने अपना योगदान राजभाषा के उन्नयन में गहनता से दिया है। हम सदा से ही राजभाषा के प्रगामी प्रयोग में प्रगति के लिए प्रयासरत रहे हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि फैशन अध्ययन का अधिकतम स्त्रोत अंग्रेजी भाषा में ही है किन्तु इस देश की अधिकांशतः जनसंख्या हिन्दी या क्षेत्रीय भाषाओं में ही वार्तालाप करती है। निफ्ट परिवार के मुखिया होने के नाते मैं अपने सभी परिसर निदेशकों का आह्वान करता हूं कि वे फैशन प्रौद्योगिकी

से जुड़े आधारभूत सिद्धातों का संकलन **हिन्दी एवं क्षेत्रीय भाषाओं** में करें ताकि आमजन को फैशन की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। यह हमारी और से राजभाषा के प्रचार प्रसार में छोटा सा योगदान बड़ा परिवर्तन का कारक बन सकता है।

मैं, निफ्ट परिवार के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से इस विशेष अवसर पर यह कहना चाहूंगा कि आप सभी अपने संवैधानिक दायित्वों को समझते हुए न केवल हिन्दी पखवाड़े के दौरान अपितु वर्ष भर अपना कार्यालयीन कार्य राजभाषा हिन्दी में पूरी निष्ठा से करें। हिन्दी पखवाडा-2023 के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में कार्मिकों को भाग लेने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए ताकि हिन्दी के प्रति एक सकारात्मक माहौल बनाया जा सके।

जय हिन्द, जय भारत

रोहित कंसल
महानिदेशक,